JHARKHAND
ACADEMIC COUNCIL

MODEL QUESTION PAPER

2023

aglasem.com

झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रांची ,झारखंड

मॉडल प्रश्न पत्र (2022-2023)

(वस्तुनिष्ठ)

कक्षा-11 समय-1 घंटा ३

विषय- हिंदी (ऐच्छिक) पूर्णांक- 40

सामान्य निर्देश-

- कुल 40 प्रश्न है!
- सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य है!
- प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है!
- प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं सही विकल्प का चयन कीजिए!
- गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटे जाएंगे!

खंड–क (अपठित बोध)

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 1–4 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए :–

संस्कृति की शाश्वत धारा का निर्माण वाल्मीकि, व्यास, नानक, कबीर, सूर, तुलसी, निराला, रवीन्द्र, भारती, कुरूप्पु जैसे महाकवियों एवं मनीषी चिंतकों – आध्यात्मिक पुरूषों से होता है। यह सत्वगुणी भावधारा है। इन व्यक्तियों की प्राणशक्ति सांसारिक सुख–सुविधाओं के अधीन होकर व्यय नहीं होती, अपितु ये सत्वधर्मी स्थिर स्मृति में रहते हुए अत्यल्प साधनों से राष्ट्र की चेतना को पोषित करते हैं। इनके संकल्प और सृजन से लोक में उच्चतम जीवन आदर्शों की स्थापना होती है और इन पर बाह्य जगत का शासन नहीं चल सकता, किसी राजनीति या आर्थिक व्यवस्था को इनकी अनुरूपता स्वीकार करनी पड़ती है। सर्वोच्च राजनीतिक और आर्थिक अवस्थाएँ जब शाश्वतता का अनुपालन करती है तभी सार्थक हो पाती है।

1. संस्कृति की शाश्वत धारा के निर्माण में कौन सहायक होते हैं ?

(1) सर्वश्रेष्ठ राजनीतिज्ञ

(2) सांसारिकता में लिप्त लोग

(3) महाकवि एवं मनीषी चिंतक

(4) क्षणिक संस्कृति का अनुसरण करने वाले लोग

schools.aglasem.com

aglasem.com

2. **लोक में उच्चतम जीवन आदर्शों की स्थापना कौन करते हैं ?**

(1) सत्वधर्मी

(2) राजधर्मी

(3) तमोधर्मी

(4) अधर्मी

3. **राजनीतिक और आर्थिक अवस्थाएँ किस बात का अनुपालन करके सार्थक हो पाती है ?**

(1) सिद्धांतवादिता

(2) शाश्वतता

(3) वैचारिकता

(4) मानवता

4. **'व्यय' का विलोम शब्द कौन–सा है ?**

(1) अत्यल्प

(2) स्तर

(3) अध्यात्म

(4) आय

निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 5 से 8 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए :

छिप–छिप अश्रु बहाने वालों, मोती व्यर्थ बहाने वालों,
कुछ सपनों के मर जाने से, जीवन नहीं मरा करता है
सपना क्या है, नयन सेज पर
सोया हुआ आँख का पानी
और टूटना है उसका ज्यों
जागे कच्ची नींद जवानी
गीली उमर बनाने वालों, डूबे बिना नहाने वालों
कुछ पानी के बह जाने से, सावन नहीं मरा करता है

schools.aglasem.com
aglasem.com

5. **'कुछ सपनों के मर जाने से, जीवन नहीं मरा करता है' – पंक्ति से क्या तात्पर्य ?**

(1) कुछ सपने टूट जाते हैं

(2) कुछ स्वजनों के मर जाने से सपने मर जाते हैं

(3) कुछ आशाएँ पूरी न भी हो, तो भी जीवन नष्ट नहीं होता

(4) दिन के बाद रात अवश्य आती है

6. **अश्रु की उपमा कवि ने किससे दी है ?**

(1) मोती से

(2) जल से

(3) सपनो से

(4) जीवन से

7. **प्रस्तुत काव्यांश के माध्यम से कवि ने क्या प्रेरणा दी है ?**

(1) निराश होकर हार मान जाने की

(2) स्वयं से लड़ने की

(3) निराशा त्यागकर कर्मशील बनने की

(4) समाज को त्यागकर जीने की

8. **'छिप–छिप अश्रु बहाने वालों, मोती व्यर्थ बहाने वालों' पंक्ति में कौन–सा अलंकार है ?**

(1) रूपक

(2) अतिशयोक्ति

(3) अन्योक्ति

(4) पुनरूक्ति प्रकाश

खंड–'ख' (रचनात्मक लेखन एवं अभिव्यक्ति और माध्यम)

9. **जनसंचार माध्यमों का प्रमुख कार्य है –**

(1) सूचना देना

(2) शिक्षित करना

(3) रोजगार संबंधी जानकारी देना

(4) इनमें से सभी

schools.aglasem.com

aglasem.com

10. पत्रकारिता के विकास में कौन–सा मूल भाव सक्रिय रहता है ?

(1) संवेदना

(2) जिज्ञासा

(3) आर्थिक सहायता

(4) प्रतिस्पर्धा

11. विचारों के आदान–प्रदान की सबसे प्राचीन शैली कौन–सी है ?

(1) पत्राचार

(2) टेलीफोन

(3) इंटरनेट

(4) फैक्स

12. भारत में प्रकाशित होने वाला प्रथम समाचार–पत्र 'बंगाल–गजट' का प्रकाशन वर्ष क्या है ?

(1) 1775 ई0

(2) 1780 ई0

(3) 1785 ई0

(4) 1790 ई0

13. संचार के मुद्रण माध्यम में किसे शामिल किया गया है ?

(1) समाचार–पत्र

(2) पत्रिकाएँ

(3) पम्फलेट्स

(4) ये सभी

14. संपादकीय किसके द्वारा लिखा जाता है ?

(1) पत्रकार

(2) संपादक

(3) कवि

(4) साहित्यकार

15. फीचर में तथ्यों की प्रस्तुति का ढंग होता है –

(1) नीरस

schools.aglasem.com

aglasem.com

(2) व्यापक

(3) मनोरंजक

(4) संकुचित

16. औपचारिक पत्र में किन पत्रों को शामिल किया जाता है ?

(1) संपादकीय के नाम पत्र

(2) शिकायती पत्र

(3) व्यावसायिक पत्र

(4) ये सभी

17. 'रिमाइंडर' को हिंदी में क्या कहते हैं ?

(1) कार्यालपादेश

(2) शासनादेश

(3) अनुस्मारक

(4) स्मृति–पत्र

18. 'नोटिस' को हिंदी में क्या कहा जाता है ?

(1) सूचना

(2) संदेश

(3) टिप्पणी

(4) ज्ञापन

खंड–ग (पाठ्यपुस्तक)

निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 19–22 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए :–

मुरली तउ, गुपालहिं भावति।

सुनि री सखी जदपि नंदलालहि, नाना भाँति नचावति

राखति एक पाई ठाढ़ौ करि, अति अधिकार जनावति।

19. प्रस्तुत पंक्तियों के कवि हैं :–

(1) कबीरदास

(2) सूरदास

(3) तुलसीदास

schools.aglasem.com

aglasem.com

(4) पद्माकर

20. प्रस्तुत काव्यांश की भाषा क्या हैं ?

(1) राजस्थानी भाषा

(2) ब्रजभाषा

(3) अवधी भाषा

(4) सिंधी भाषा

21. किसे एक पाँव पर खड़ा करके रखा जाता है ?

(1) नंद

(2) गोपाल

(3) गोपी

(4) राधा

22. नंदलाला को कौन नचाता है ?

(1) गोपाल

(2) सखी

(3) मुरली

(4) गोपी

23. 'बोरत तौ बोरयो पै निचोरत बनै नहीं' – पंक्ति में किस त्यौहार का वर्णन है ?

(1) दीपावली

(2) होली

(3) मकर–संक्राति

(4) दशहरा

24. 'झहरि झहरि झीनी बूँद है परति मानो' में 'झहरि–झहरि' में कौन–सा अलंकार है ?

(1) पुनरूक्तिप्रकाश अलंकार

(2) मानवीकरण अलंकार

(3) यमक अलंकार

schools.aglasem.com

aglasem.com

(4) रूपक अलंकार

25. प्रकृति का सुकुमार कवि किन्हें कहा जाता है ?

(1) सुमित्रानंदन पंत

(2) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

(3) महादेवी वर्मा

(4) नागार्जुन

26. 'संध्या के बाद' कविता का मूल स्वर क्या है ?

(1) शहरी जीवन का आर्थिक यथार्थ

(2) शहरी कामकाजी दुनिया का यथार्थ

(3) ग्रामीण जीवन का सामाजिक यथार्थ

(4) महानगरों का यथार्थ

27. 'बादल को घिरते देखा है' के कवि है –

(1) महादेवी वर्मा

(2) नागार्जुन

(3) नरेंद्र शर्मा

(4) धूमिल

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 28–31 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए –

सारा घर मक्खियों से भिनभिना रहा था। आँगन की अलगनी पर कई पैबंद लगी एक गंदी साड़ी टँगी थी। दोनों बड़े लड़कों का वहाँ कहीं पता न था। बाहर कोठरी में मुंशी जी औंधे मुँ होकर ऐसी निश्चितता से सो रहे थे, मानो डेढ़ महीने पूर्व मकान–किराया नियंत्रण विभाग की क्लर्की से उनकी छँटनी न हुई हो या फिर मानो उन्हें शाम को किसी काम की तलाश में कहीं जाना न हो।

28. प्रस्तुत पंक्तियाँ किस पाठ से ली गई है ?

(1) ईदगाह

(2) दोपहर का भोजन

schools.aglasem.com

aglasem.com

(3) गूँगे

(4) टॉर्च बेचने वाले

29. विभाग की क्लर्की से किनकी छँटनी हुई है ?

(1) मुंशी चंद्रिका प्रसाद

(2) मुंशी प्रेमचंद

(3) मुंशी अंबिका प्रसाद

(4) मुंशी राधाचरण

30. 'आँगन की अलगनी पर कई पैबंद लगी एक गंदी साड़ी टँगी थी' – यहाँ किसकी साड़ी की बात कही गई है ?

(1) मातेश्वरी की

(2) माहेश्वरी की

(3) सिद्धेश्वरी की

(4) सीतेश्वरी की

31. प्रस्तुत पंक्तियों के लेखक कौन है ?

(1) ओमप्रकाश वाल्मीकि

(2) अमरकांत

(3) हरिशंकर परसाई

(4) प्रेमचंद

32. टार्च बेचनेवाला वायदे के मुताबिक कितने साल बाद उस जगह पहुँचा जहाँ उसे दोस्त से मिलना था ?

(1) दो साल

(2) तीन साल

(3) चार साल

(4) पाँच साल

33. गूँगें को किसने पाला था ?

(1) चाचा–चाची ने

(2) ताऊ–ताई ने

(3) मामा–मामी ने

schools.aglasem.com

aglasem.com

(4) बुआ–फूआ ने

34. ज्योतिबा फुले ने किस संस्था की स्थापना की ?

(1) आर्य समाज

(2) प्रार्थना समाज

(3) सत्यशोधक समाज

(4) ब्रह्म समाज

35. 'उसकी माँ' किस विधा की रचना है ?

(1) कहानी

(2) निबंध

(3) संस्मरण

(4) रिपोतार्ज

36. भारतेंदु हरिश्चंद्र के अनुसार उन्नति के लिए क्या अनिवार्य है ?

(1) जनसंख्या–नियंत्रण

(2) परदेशी भाषा

(3) मत–मतांतर

(4) इनमें से सभी

37. 'अंडे के छिलके' किस प्रकार का एकांकी है ?

(1) ऐतिहासिक

(2) मनोवैज्ञानिक

(3) पारिवारिक

(4) वैज्ञानिक

38. 'हुसैन की कहानी अपनी ज़वानी' में हुसैन कौन से बोर्डिंग स्कूल भेजे गए ?

(1) शिमला बोर्डिंग स्कूल

(2) दिल्ली बोर्डिंग स्कूल

(3) बड़ौदा बोर्डिंग स्कूल

(4) मुम्बई बोर्डिंग स्कूल

schools.aglasem.com

aglasem.com

39. आधुनिक भारतीय चित्रकला के प्रमुख स्तंभ मकबूल फिदा हुसैन को 1973 में किस सम्मान से अलंकृत किया गया ?

(1) भारत रत्न

(2) पद्मश्री

(3) पद्मभूषण

(4) शलाका सम्मान

40. 'आवारा मसीहा' किस विधा की रचना है ?

(1) कहानी

(2) आत्मकथा

(3) जीवनी

(4) संस्मरण

*****

schools.aglasem.com

aglasem.com